# प्रशासन ने अतिक्रमण पर की कार्यवाही

**खास बातें**

- अमानक पॉलिथीन को किया जप्त
- ढोल बजाकर बताया नई सब्जी मंडी में लगेगा हाट बाजार





**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज 11 दिसम्बर, नगर पालिका द्वारा शहर में अतिक्रमण को लेकर कार्यवाही की जा रही है. जिससे अतिक्रमणकारियों में हड़कंप की स्थिति दिखाई दे रही है. साथ ही अमानक पॉलिथीन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध भी कार्यवाही की जा रही है. गत दिनों नवभारत द्वारा इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया था. जिसके बाद नगरपालिका अमले द्वारा शहर में कार्यवाही की जा रही है.**

मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू ने बताया कि नगरपालिका द्वारा शहर में अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है. जिसके तहत नपा अमले द्वारा नगर के बस स्टैंड परिसर में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई. अभियान के दौरान फुटपाथ और सार्वजनिक स्थानों पर किये गये अनाधिकृत कब्जों को हटाया गया. जिससे यात्रियों को आवागमन में होने वाली दिक्कतों से राहत मिलने की उम्मीद है. इस दौरान नगरपालिका अमले द्वारा अतिक्रमण में रखे सामान को जप्त करने की भी कार्यवाही की गई. साथ ही लोगों को अतिक्रमण ना करने की समझाईश दी गई. इस पूरे अभियान का नेतृत्व सीएमओ रामप्रकाश साहू ने किया. उनके साथ नगरपालिका के कर्मचारी भी मौजूद रहे.

### प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री को किया जप्त

नगरपालिका द्वारा इसके साथ ही अमानक पॉलिथीन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध जागरूकता अभियान भी चलाया गया. अभियान के तहत आम नागरिकों, दुकानदारों और राहगीरों को प्लास्टिक के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई. तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्रियों को जप्त करने की कार्यवाही भी की गई. सीएमओ रामप्रकाश साहू ने बताया गया कि स्वच्छ और व्यवस्थित शहर के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेंगे.

### ढोल बजाकर बताया सब्जी मंडी में लगेगा हाट बाजार

नगरपालिका द्वारा गुरुवार को शहर में ढोल बजाकर नवीन बस स्टैंड स्थित सब्जी मंडी में शुक्रवार को साप्ताहिक हाट बाजार लगने की जानकारी दी गई. इस दौरान नगरपालिका कर्मचारियों ने फल, सब्जी विक्रेताओं से शुक्रवार को नवीन सब्जी मंडी में हाट बाजार में दुकान लगाने का आग्रह किया. इस दौरान नपा के बालमुकुंद कुशवाह ने बताया कि शहर में सब्जी मंडी अन्य स्थानों पर लगाई जाती थी. वह एक निर्धारित स्थाई स्थान नवीन बस स्टैंड के पास सब्जी मंडी पर ही शुक्रवार को हाट बाजार लगेगा. उन्होंने शहर के फल एवं सब्जी विक्रेताओं से शुक्रवार को साप्ताहिक हाट बाजार में नवीन सब्जी मंडी में ही दुकानें लगाने का आग्रह किया. इस दौरान नपा अमले ने अन्य स्थानों पर ठेला लगाकर, जमीन पर रखकर सब्जी बेचते हुए अतिक्रमण एवं परिवहन को प्रभावित न करने की समझाईश भी दी. इस दौरान उन्होंने 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोन लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी. उन्होंने बताया कि इस नेशनल लोक अदालत में नपा के जलकर, संपत्ति कर एवं नगरपालिका के समस्त कर पर शत प्रतिशत अधिभार की छूट मिल सकेगी. इस दौरान नपा के विनोद शर्मा सहित राजस्व टीम एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे.

## मेमू और राज्यरानी कोचों की संख्या कम, मुसाफिर हो रहे परेशान

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 11 दिसम्बर, कमलेश सेन, सदस्य, रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति, पश्चिम मध्य रेलवे ने बीना भोपाल रेलखंड पर यात्रियों द्वारा पिछले कई माह से झेली जा रही गंभीर असुविधा और सुरक्षा संकट को लेकर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से शीघ्र हस्तक्षेप का आग्रह किया है.**

बीना भोपाल रेलखंड, जो भोपाल विदिशा गंजबासोदा, कुरवाई बीना एवं सांची क्षेत्र के विद्यार्थियों, कर्मचारियों,

**केंद्रीय मंत्री से दखल की मांग, रोजाना हजारों लोग करते हैं सफर**

व्यवसायियों एवं दैनिक यात्रियों के लिए ट्रेन बेहद जरूरी हैं. हाल ही में मेमू एक्सप्रेस ट्रेन में कोचों की संख्या 12 से घटाकर केवल 8 कर दी गई है. इस कटौती के कारण यात्रियों को अत्यधिक भीड़, लंबी दूरी तक खड़े रहकर यात्रा, असुविधा और गंभीर सुरक्षा जोखिम का सामना करना पड़ रहा है. सेन ने कहा कि यह समस्या केवल मेमू ट्रेनों तक सीमित नहीं है. बिलासपुर भोपाल एक्सप्रेस में भी कोचों की कटौती की गई है और राज्यरानी एक्सप्रेस में वर्षों से कोच वृद्धि की मांग लंबित है. लगातार कोचों में कटौती और परिचालन बदलावों से यात्रियों का रेलवे प्रशासन पर भरोसा टूट रहा है और आमजन में असंतोष बढ़ रहा है. सेन ने कहा, सिर्फ आपके हस्तक्षेप से ही रेलवे प्रशासन में सक्रियता आएगी और यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं सम्मानजनक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी.

## 56 प्रशिक्षणार्थियों का फाइनल चयन

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** शासकीय आईटीआई विदिशा में गत दिवस बुधवार को ब्रेनसिस्टर इंडिया प्रायवेट लिमिटेड द्वारा मेगा ओपन कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया. इस प्लेसमेंट ड्राइव में महिंद्रा एंड महिंद्रा टाटा मोटर्स, न्यू हॉलैंड, एटमबर्ग जैसी पापुलर कम्पनीज सम्मलित हुई. जिसमे विदिशा जिले एवं अन्य जिलो के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. इस प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 114 प्रशिक्षणार्थियो का पंजीयन किया गया जिसमे से 56 प्रशिक्षणार्थियों का फाइनल चयन किया गया है. चयनित प्रशिक्षणार्थियो को पुणे महाराष्ट्र में जॉइनिंग दी जाएगी.



## अंबेडकर की प्रतिमा के लिये जमीन की मांग

**नवभारत न्यूज**

**पठारी, सं**विधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना को लेकर आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी ने तहसीलदार पठारी को ज्ञापन सौंपते हुए भूमि आवंटित करने की मांग की है. जिला अध्यक्ष अमित चौधरी ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि पठारी ही नहीं, बल्कि देश-दुनिया में डॉ. अंबेडकर के करोड़ों अनुयायी संविधान और बाबा साहब के सिद्धांतों में आस्था रखते हैं. आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के लोगो ने ज्ञापन के माध्यम से जमीन आवंटित करने की मांग की है.

**एक नजर में**

### लेनदेन के विवाद में जानलेवा हमला, पिता-पुत्र गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**पठारी 11 दिसम्बर,** थाना क्षेत्र के ग्राम पटरा में आपसी लेनदेन के विवाद ने गंभीर रूप ले लिया, जिसमें पिता-पुत्र ने परिवार के ही एक युवक पर पत्थर से हमला कर दिया. घटना में पीड़ित साहब सिंह चौहान गंभीर रूप से घायल हो गया. थाना प्रभारी गौरव बाजपेई ने बताया कि राजू चौहान और उसका पुत्र शुभम चौहान का साहब सिंह से आपसी लेनदेन को लेकर विवाद में उलझ गए. इसी दौरान दोनों ने मिलकर साहब सिंह चौहान पर पत्थर से जानलेवा हमला कर दिया. पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमला किए जाने का प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है. घायल साहब सिंह को विदिशा रेफर किया गया है.



## 117 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी धराया

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज, सिरोंज पुलिस ने करीब 117 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया मामले में पुलिस ने 13 पेटी अवैध शराब व बोलेरो कार सहित कुल 5 लाख 65 हजार का मशरूका जप्त किया है.**

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना सिरोंज पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए 117 लीटर अवैध शराब एवं बोलेरो वाहन सहित कुल 5 लाख 65 हजार का मशरूका जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस द्वारा अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है. पिछले कुछ दिनों से थाना क्षेत्र में अवैध शराब परिवहन की सूचना मिल रही थी. इस पर पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना पर ग्राम रीछन के पास आरोपी संतोष पाल निवासी देवीटोरी थाना सिरोंज को बोलेरो वाहन में 13 पेटी में 117 लीटर शराब के साथ पकड़ा. इस दौरान पुलिस ने कुल मशरूका 5 लाख 65 हजार जप्त कर अपराध पंजीबद्ध किया गया. पुलिस की इस कार्यवाही में निरीक्षक विमलेश कुमार राय, सहायक उपनिरीक्षक हरीश ठाकुर, प्रधान आरक्षक आत्माराम भिलाला, आरक्षक टीकम यादव, आरक्षक विष्णु तोमर की सराहनीय भूमिका रही.

## विश्व मानव अधिकार दिवस का हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** राजीव मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में मानव अधिकार स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संगठन भारत के तत्वाधान में समारोह आयोजित किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉक्टर विमलचंद ओसवाल, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ एके जैन, समाजसेवी एवं उद्योगपति भगवान दास साहू, समाजसेवी राम नारायण पालोड़, जिला अध्यक्ष गणेश राम रघुवंशी, समाजसेवी हरी बाबू अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार राजीव सेनानी सिरोंज, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी आदि उपस्थित रहे. मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इसके उपरांत मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन भारत की जिला इकाई ने मानव अधिकारों पर प्रकाश डाला एवं समाज सेवा के लिए समर्पित 15 से अधिक समाजसेवियों का पुष्प माला स्मृति चिन्ह शाल श्रीफल से सम्मानित किया. इस अवसर पर राजीवमेमोरियल हा सेकेंडरी स्कूल एवं न्यू दिल्ली पब्लिक हाईस्कूल की छात्र-छात्राओं द्वारा मानव अधिकारों पर लिखे गए निबंध में अब्बल आए छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया क्षेत्र के गरीब एवं असहाय व्यक्तियों को कंबलों का वितरण किया गया.

## पोलिथिन उपयोग पर जुर्माना, अव्यवस्थाओं से बाजार बेहाल



**हाटबाजार में नपं दल की कार्रवाई**

**नवभारत न्यूज**

**सांची, नगर में हर सप्ताह लगने वाले हाटबाजार में सोमवार को नगर परिषद का अमला पोलिथिन के उपयोग पर रोक लगाने निकल पड़ा. अमले ने कई दुकानदारों से पोलिथिन जब्त कर जुर्माना लगाया तथा उनसे भविष्य में इसका उपयोग न करने की समझाइश दी. प्रतिबंध के बावजूद पोलिथिन का धड़ल्ले से उपयोग जारी है. आवारा पशुओं व पार्किंग अव्यवस्था से दुकानदार और खरीदार दोनों परेशान हैं.**

जानकारी के अनुसार, शासन द्वारा पोलिथिन उपयोग पर प्रतिबंध के साथ इसकी हानियों से भी निरंतर जागरूक किया जा रहा है. बावजूद इसके नगर में पोलिथिन का उपयोग धड़ल्ले से जारी है. दुकानदार खाद्य सामग्री पोलिथिन में देते हैं और अधिकांश उपभोक्ता भी बिना एहतियात इसे स्वीकार करते रहते हैं. न तो दुकानदार इस खतरनाक उपयोग को रोक पा रहे हैं और न ही उपभोक्ताओं पर इसका प्रभाव पड़ पा रहा है. इसी क्रम में सोमवार को जब नगर परिषद की टीम हाटबाजार पहुँची तो वहां हड़कंप मच गया. कई दुकानदार आनन-फानन में पोलिथिन छिपाने लगे. अमले ने कार्रवाई करते हुए कुछ दुकानदारों पर जुर्माना लगाया और चेतावनी दी कि भविष्य में पोलिथिन मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. अमले का कहना है कि पोलिथिन से पर्यावरण और स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचता है तथा इसी के मद्देनज़र शासन के निर्देशों पर यह कार्रवाई की जा रही है.

### हाटबाजार में अव्यवस्थाओं का अंबार, प्रशासन बेखबर

पॉलिथिन कार्रवाई के अलावा हाटबाजार में अव्यवस्था भी गंभीर समस्या बनी हुई है. हाटबाजार के दिन बड़ी संख्या में आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे दुकानदारों को परेशानी होती है. कई बार पशुओं की दौड़भाग और आपसी भिड़ंत से खरीदारों को भी जोखिम का सामना करना पड़ता है, पर राष्टीय प्रशासन इस समस्या से पूरी तरह अनजान बना हुआ है. वहीं बाजार क्षेत्र में बाहरी दुकानदार अपने दोपहिया और चारपहिया वाहन दुकानों के पास ही खड़े कर लेते हैं. इससे सड़क जाम होने के साथ बाजार में जगह की भारी कमी हो जाती है. दूर-दराज से आने वाले दुकानदारों को दुकान लगाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है.

दुकानदारों का कहना है कि प्रशासन न तो आवारा पशुओं पर नियंत्रण लगा पा रहा है, न ही सुरक्षित पार्किंग की व्यवस्था कर पा रहा है. दूरस्थ क्षेत्रों में वाहन खड़े करने पर असामाजिक तत्वों द्वारा नुकसान की आशंका रहती है, इसलिए दुकानदार वाहन अपनी दुकान के पास ही खड़े करने को मजबूर होते हैं. हाटबाजार में बढ़ती भीड़ और व्यवस्था के अभाव ने बाहर से आने वाले दुकानदारों और आम लोगों दोनों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं. हाटबाजार में पॉलिथिन रोकने की पहल सराहनीय है पर वास्तविक बदलाव तभी संभव है जब बाजार की अव्यवस्थाओं पर भी सख्त और स्थायी कदम उठाए जाएँ.

निःशुल्क सेवा
- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.

मोबाइल में बजता है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो रेडियो
84 35 250 250
प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए

## मध्य भारत लॉ कॉलेज का विधिक सहायता एवं जागरुकता शिविर रंगई में संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, मध्य भारत इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज गुलाबगंज द्वारा लीगल एड क्लीनिक के तहत ग्राम रंगई में निशुल्क विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें एलएलबी एवं बीए- एलएलबी के छात्रों ने भाग लिया.**

मध्य भारत लॉ कॉलेज के डायरेक्टर मजहर अली जाफरी ने बताया कि शिविर में ग्रामीणों द्वारा मुख्य रूप से मध निषेध, दुर्घटना, सार्वजनिक सेवा, अतिक्रमण सहित अन्य अपराधों के संबंध में चर्चा की गई कॉलेज के स्टाफ द्वारा उन्हें सभी मामलों में निशुल्क परामर्श उपलब्ध कराई गई. शिविर की समन्वयक एवं सहायक प्राध्यापक सुरभि जैन ने ग्रामीणों को बताया कि एससी, एसटी, ओबीसी सहित महिलाओं, बच्चों, प्राकृतिक आपदा से पीड़ित एवं दिव्यांगों को शासन से निशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है. सहायक प्राध्यापक प्रतिज्ञा जैन ने बताया



आपके विरुद्ध कोई अपराधिक घटना होती है या अन्य किसी प्रकार के विधिक अधिकारों का उल्लंघन होता है तो आप जिला विधायक प्राधिकरण के समक्ष अपनी शिकायत दे सकते हैं. इस अवसर पर गौरव जैन, मिलन चौरसिया, मोहम्मद तारिक, मुस्कान शर्मा, वर्षा किरार, शिवम नामदेव, कालूराम अहिरवार, अमन चौधरी महक किरार, साधना मांझी, राशू एवं सारिका साहू आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे.

## शौर्य दिवस पखवाड़ा अंतर्गत निकली वाहन रैली

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई, गुरुवार को विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में मुरलीधर मंदिर से वाहन रैली निकाली गयी जो मेनमार्केट होते हुए ब्राह्मण मोहल्ला बीना तिराहा, मालीपुरा होते हुए पुनः मुरलीधर मंदिर पहुंची जहां रैली का समापन हुआ.**

कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रांत गौ रक्षा प्रमुख नीलेश जी अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 6 दिसंबर 1992 को अयोध्या में कारसेवकों ने कलंक का ढांचा ढहाया था और भव्य राम मंदिर बनाने का मार्ग प्रशस्त किया था तभी से हिन्दू समाज गीता जयंती पखवाड़े में शौर्य दिवस मनाता है. आज उसी स्थान पर भव्य राम मंदिर बनकर तैयार हो गया है. कार्यक्रम में विभाग सचेंद्र यादव जिला सह संयोजक अन्नू यादव जिला सह संयोजक मंजीत तिवारी जिला उपाध्यक्ष रंधीर रघुवंशी जिला अखाड़ा प्रमुख मिंटू परिहार प्रखंड अध्यक्ष ऋषभ ठाकुर प्रखंड मंत्री योगेन्द्र पवार प्रखंड संयोजक मनोज दांगी, एवं प्रखंड खंड, नगर एवं ग्राम के कार्यकर्ता समस्त सनातन प्रेमी उपस्थित रहे.



**सम्मेलन** | **उदयपुर हिंदू सम्मेलन में प्रख्यात कवियों का भव्य कवि सम्मेलन**

## नीलकंठेश्वर की नगरी में अध्यात्म के मंच से कवि सम्मेलन में होगी राष्ट्र वंदना

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा, नीलकंठेश्वर महादेव की पावन नगरी उदयपुर में 14 दिसंबर रविवार को आयोजित होने जा रहा हिंदू सम्मेलन एक ऐतिहासिक धार्मिक सांस्कृतिक आयोजन का साक्षी बनेगा. हिंदू सम्मेलन के अवसर पर भव्य विराट कवि सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें जाने माने प्रसिद्ध कवि एक मंच पर राष्ट्रभक्ति से ओत प्रोत कविताओं के माध्यम से अपनी ओजस्वी प्रस्तुति देंगे. उदयपुर क्षेत्र में इस आयोजन को अध्यात्म, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति के अनूठे संगम के रूप में देखा जा रहा है.**

मालूम हो कि संघ शताब्दी



वर्ष के उपलक्ष्य में सनातन एकता, आस्था, भाईचारे और धर्म जागरण के संदेश को लेकर क्षेत्र में हिंदू सम्मेलन की आयोजन की श्रृंखला में कवि सम्मेलन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है. उदयपुर मंडल में आयोजित होने वाला हिंदू सम्मेलन नीलकंठ मंदिर परिसर में आयोजित होगा जहां धर्म सभा के पहले अध्यात्म के मंच पर ओज, भक्ति और हास्य के जाने-माने कवि अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रद्धालुओं और श्रोताओं को एक नए उत्साह से राष्ट्र वंदना के साथ देश भक्ति का संदेश देंगे. मंदिर परिसर में कवि सम्मेलन दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा जिसमें आशीष दुबे अग्निदूत' (ओज के राष्ट्र कवि), नीलेश चतुर्वेदी 'धांसू' (हास्य सुपरस्टार), शुभम रघुवंशी 'भोला' (युवा ओज कवि), वेदांश वेदांतकुलम (युवा भक्ति गीतकार), अंकित पाठक (ओज रस कवि), मोहित भार्गव (ओज रस कवि), श्रीमती राखी यादव (ओज रस कवयित्री), जसवंत राजपूत (व्यंग्यकार), सुश्री प्रगति यादव (भक्ति रस कवयित्री), और बाल कवि अनंत चतुर्वेदी 'सनातनी' ओज रस में विशेष काव्य का वाचन करेंगे. देशभक्ति से ओतप्रोत कविताएँ, वीरों की गाथाएँ और भारतीय संस्कृति का गौरव गूंजेगा.

युवा कवियों से लेकर अनुभवी राष्ट्रकवि तक, सभी अपनी प्रस्तुति से वातावरण को ऊर्जावान बनाएंगे. साथ ही हास्य और व्यंग्य के माध्यम से सामाजिक जागरुकता भी मंच पर उपस्थिति होगी.

### महादेव की नगरी में जुटेगा आस्था का सैलाब

14 दिसंबर को आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन में रामानंदाचार्य संप्रदाय के जगद्गुरु डॉ राम कमलाचार्य वेदांती जी महाराज धर्म सभा को संबोधित करेंगे जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और साहित्य प्रेमियों के पहुँचने की उम्मीद है. आयोजन स्थल को नीलकंठेश्वर महादेव की महिमा के अनुरूप सजाया जाएगा, जहाँ आध्यात्मिक आस्था और भारतीय परंपरा की गरिमा एक साथ झलकेगी. सकल हिंदू समाज और स्थानीय आयोजन समिति ने उदयपुर एवं आसपास के सभी सनातन, धर्मप्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है. समिति का कहना है कि अध्यात्म की छत्रछाया में देशभक्ति की धुन के साथ काव्य का यह संगम उदयपुर के इतिहास में स्वर्णाक्षरों से लिखा जाएगा.



## एसआईआर फार्म भरने के अंतिम दिन वार्ड 28 में विधायक ने मतदाताओं को किया जागरूक

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** गुरुवार को एसआईआर मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण जागरूकता अभियान के अंतर्गत विदिशा विधायक मुकेश टंडन भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ वार्ड नंबर 28 के गली मोहल्लों में घर घर पहुंचे और वार्डवासियों को जानकारी दी कि आज फार्म जमा करने का अंतिम दिन है इसलिए आप सभी अपने अपने घरों में और आस पड़ोस में देख ले कि कोई ऐसा तो नहीं छूट गया जिसने गणना पत्रक भरने से रह तो नहीं गया और अगर फार्म भर तो लिया हो लेकिन जमा करना भूल गए हो तो भैया आज आखिर मौका है फार्म जमा करने का इसलिए सभी सुनिश्चित करें कि कोई छुटे नहीं. जन जागरूक कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, दुर्गानगर मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह चौहान, छत्रपाल शर्मा, महामंत्री सुनील साहू, संजय अग्रवाल, प्रदीप रघुवंशी, मनीष वर्मा, पवन पंजाबी, राघवेंद्र विश्वकर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे.